Publication	Dainik Jagran	Language	Hindi
Edition	New Delhi	Journalist	Bureau
Date	01/07/2023	Page no	7
CCM	12.92		

6,194 करोड़ का आपदा राहत कोष जारी करने को मिली मंजूरी

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के तहत 19 राज्यों को 6,194 करोड़ रुपये जारी करने के लिए मंजूरी दे दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, 2022-23 के लिए चार राज्यों छत्तीसढ़, मेघालय, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश को जारी एसडीआरएफ में 1,209.60 करोड़ का केंद्रीय हिस्सा भी शामिल है। 2023-24 के लिए 15 राज्यों आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, ओडिशा, पंजाबा, तमिलनाडु और त्रिपुरा को 4,984.80 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। जारी धनराशि से राज्यों को वर्तमान मानसून के मौसम में राहत उपाय करने में आसानी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पहले ही 2023-24 के दौरान नौ राज्यों के लिए एसडीआरएफ के केंद्रीय हिस्से के रूप में 3,649.40 करोड़ रुपये जारी करने को मंजूरी दे चुकी है। 15वें वित्तीय आयोग की सिफारिशों के आधार पर केंद्र सरकार ने 2021-22 से 2025-26 के लिए एसडीआरफ के तहत 1,28,122.40 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD